प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- विकसित कृषि संकल्प अभियान से अब तक लगभग 8 लाख किसान जुडे–कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा ये अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी देने वाला जन–आंदोलन।
- पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा –प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में पशु चिकित्सालय खोला जायेगा।
- 25वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के तहत आज देशभर में दो हज़ार से अधिक स्थानों पर विशेष तिरंगा रैली का आयोजन।
- प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल से तीन दिन तक कई क्षेत्रों में आंधी–बारिश की संभावना।

00000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने वाला एक जन–आंदोलन है। श्री चौहान ने कई राज्यों के विधायकों से वर्चुअल संवाद करते हुए बताया कि अभियान के तहत किसानों से चर्चा की जाएगी और उनके प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। इसका उद्देश्य फसलों की लागत को कम करना, पैदावार बढ़ाना और खेती को लाभदायक बनाना है। श्री चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक कृषि, एक टीम' का मूल मंत्र भारत को 2047 तक विकसित बनाने में सहायक होगा। श्री चौहान ने कहा कि अब तक 2 हजार 170 टीमें 7 हजार से अधिक गांवों का दौरा कर चुकी हैं। अभियान से लगभग 7 लाख 95 हजार किसान जुड़ चुके हैं।

प्रदेश में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जैसलमेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

00000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में पशु चिकित्सालय खोला जायेगा। श्री कुमावत ने पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव रोजड़ा में आयोजित समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पशुपालन अब स्टार्टअप के रूप में उभरकर सामने आ रहा है, जिसकी वजह से राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान हो गया है। उन्होंने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में आ रही सभी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का दूसरा सबसे अधिक पशुधन उपलब्ध कराने वाला राज्य है और सरकार पशुपालकों के उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

00000

आज विश्व दुग्ध दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी किसानों और पशुपालको को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में श्री शर्मा ने कहा कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में किसानों और पशुपालकों का सतत परिश्रम और समर्पण न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और पशुधन के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज से भीलवाडा के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। श्री बागड़े आज शाम सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कल उनका जिलस्तरीय अधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा बैठक का कार्यक्रम है। यह बैठक प्रशासनिक समन्वय, योजनाओं की प्रगति, आमजन की समस्याओं के समाधान और जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित रहेगी।

समीक्षा बैठक के बाद राज्यपाल बीकानेर के लिए रवाना होंगे। उनके इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

0000

25वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के तहत आज देशभर में दो हज़ार से अधिक स्थानों पर विशेष तिरंगा रैली आयोजित की जा रही है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया राजधानी दिल्ली में इसका नेतृत्व कर रहे है। कार्यक्रम में, ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी और मनोरंजन जगत की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के साथ, आज का कार्यक्रम फिटनेस में साइकिल की भूमिका को पुष्ट करेगा, साथ ही सशस्त्र बलों के शहीदों को सामूहिक श्रद्धांजलि भी देगा।

00000

प्रदेशभर में कल ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल और ब्लेक आउट का अभ्यास किया गया। राजधानी जयपुर के खातीपुरा रोड स्थित जयपुर मिलिट्री स्टेशन के रिहायशी इलाके में मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट किया गया। रात सवा आठ बजे सायरन बजते ही चुनिंदा क्षेत्रों में आमजन ने स्वेच्छा से सभी लाइट्स बंद की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप की अगुवाई में यातायात पुलिस और पुलिस के जवानों ने आमजन को गाइडलाइन की पालना के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान वाहन चालकों ने सभी स्वेच्छा से वाहनों को सड़क किनारे लगाकर वाहनों की लाइट्स बंद की। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आपॅरेशन शील्ड के तहत ब्लेक आउट और मॉक ड्रिल की गई।

00000

देश की सेमी हाईस्पीड सुपरफास्ट ट्रेन वंदे भारत के रखरखाव के लिए प्रदेश का पहला वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो जोधपुर मंडल के उपनगरीय भगत की कोठी रेलवे स्टेशन के पास बनाया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य जोरो पर है।

00000

उदयपुर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में देबारी पावर हाउस के पास कल एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाईकिल पर सवार दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्र बीटेक की परीक्षा देकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद फरार हुए ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

00000

प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल से कई क्षेत्रों में आंधी–बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 2 से 4 जून के दौरान दोपहर बाद तेज मेघगर्जन और आंधी तथा बारिश की गतिविधियां दर्ज होने के प्रबल आसार है। आगामी 4–5 दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री से नीचे दर्ज होने की संभावना है। इससे पहले कल अलवर, धौलपुर, झुंझुनूं सहित करीब आधा दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। प्रदेश के 15 शहरों का दिन का तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 44 दशमलव 2 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 29 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ कोटा की रात सबसे गर्म रही।

00000

थाईलैंड की 22 वर्षीया ओपल सुचाता चुआंग्सरी नई 'मिस वर्ल्ड' बन गई हैं। हैदराबाद में आयोजित 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में दुनिया भर की सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही कोटा की नंदिनी गुप्ता शीर्ष 8 में भी जगह नहीं बना पाई।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक अभियोजन अधिकारी मुख्य परीक्षा 2024 का आज अजमेर जिला मुख्यालय पर आयोजन किया जायेगा। एक सौ ईक्यासी पदों के लिए अजमेर जिला मुख्यालय पर दस परीक्षा क्रेंद्रों पर होने वाली इस परीक्षा में लगभग दो हजार सात सौ अभ्यर्थी पंजीकृत है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा का आयोजन दो

पारियों में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर साढे तीन बजे से साढे पांच बजे तक होगा। प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं।

00000